# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025




हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 2 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

नवमीं पर कन्या भोज के साथ हुआ हवन, दे रहे माता को विदाई

4



## खबर संक्षेप

### कुष्ठ उन्मूलन के लिए आज से मनेगा 8 तक जागरूकता सप्ताह

**मालखरौदा।** कुष्ठ उन्मूलन के लिए 2 अक्टूबर गांधी जयंती से लेकर 8 अक्टूबर तक जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। महात्मा गांधी अपने जीवनकाल में कुष्ठ पीड़ितों की सेवा करते थे, इसी स्मृति में हर वर्ष 2 अक्टूबर से 30 जनवरी के बीच जागरूकता पखवाड़ा भी आयोजित किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार कुष्ठ एक संक्रामक रोग है, जो एक जीवाणु से होता है और यह धीरे-धीरे शरीर की नसों को प्रभावित करता है। रोग के प्रारंभिक लक्षण प्रायः त्वचा पर दाग-धब्बों और सुन्नपन से दिखाई देते हैं। समय पर इलाज न मिलने पर विकृतियां उत्पन्न होती हैं। 95 प्रतिशत लोग स्वाभाविक रूप से इस संक्रमण से सुरक्षित रहते हैं, जबकि केवल वे लोग प्रभावित होते हैं जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है।

### सक्ती में डिप्टी सीएम का प्रथम आगमन 8 को

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव भारसाधक मंत्री लोक निर्माण विभाग ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकाय छत्तीसगढ़ शासन का जिला मुख्यालय सक्ती में 8 अक्टूबर को आगमन हो रहा है। सक्ती जिला प्रथम नगर आगमन पर जिला साहू संघ सक्ती की ओर से उनका भव्य स्वागत अभिनंदन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिला साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष एवं सक्ती के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने बताया कि इस दिन समाज के प्रतिभावान 10वीं, 12वीं ,स्नातक, स्नातकोत्तर,पास 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक ,मेडिकल ,इंजीनियरिंग , कृषि, वाणिज्य, ला के छात्रों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही नगर पालिका सक्ती के बुधवारी बाजार में अटल परिसर का लोकार्पण और अडभार में अटल परिसर का लोकार्पण इत्यादि कार्यक्रम शामिल है। समाज के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने अधिकाधिक संख्या में समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की है।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आदि में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। सत्र 2025-26 के लिए पात्र अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है।

### ओपीडी में पहुंचने वालों की संख्या 5 सौ के पार

# मौसम का असर सेहत पर, जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला अस्पताल के ओपीडी में लगी मरीजों की कतार।

जिले में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। लगातार बारिश और अचानक हुए बदलाव का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया, टायफाइड और दस्त जैसी बीमारियों से लोग बेहाल हैं। इसका नतीजा यह है कि जिला अस्पताल बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल में रोजाना मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बताया जाता है कि ओपीडी में 5 सौ से अधिक मरीज पहुंच रहे है।

गौरतलब है कि इन दिनो मौसम का मिजाज पिछले दो तीन दिनो से बिगडा हुआ है। जिसके चलते बारिश हो रही है। वही इसका असर लोगो के स्वास्थय पर पड रहा है। मौसम परिवर्तन के चलते लोग सर्दी, बुखार, मलेरिया, टायफाइड ,दस्त सहीत अन्य बीमारियो से लोग परेशान हो रहे है। वही अपना उपचार कराने को लेकर जिला अस्पताल पहुंच रहे है।जिसके चलते सबसे बडे सरकारी अस्पताल में इन दिनो मरीजो की भारी भीड देखी जा रही है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल मे सबसे बडी समस्या उपचार कराने के पूर्व ओपीडी में पंजीयन को लेकर बनी रहती है। इलाज कराने के पूर्व आलनाइन पंजीयन को लेकर ही पूरा समय बीत जाता है। जब उपचार कराने की बारी आती है। इस दौरान चिकित्सक लंच करने के लिए चले जाते है। इस बीच उपचार कराने को लेकर ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंचते है। शाम के समय में भी मरीजो का उपचार किया जाना रहता है। लेकिन कई डाक्टर ओपीडी से ही नदारद रहते है। बैरिष्टर ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में औसतन रोजाना 400 से 500 लोग उपचार कराने को लेकर पहुंचते है। साथ ही साथ जब मौसम में अचानक परिवर्तन आता है। तो इस दौरान आनलाइन पंजीयन का यह आंकडा 500 सौ से 600 सौ तक भी पहुंच जाता है। जिसके कारण मरीजो को उपचार कराने को लेकर मशक्कत करनी भी पडती है। जांजगीर चाम्पा जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में ना केवल जांजगीर जिले ब्लकि पडोसी जिले सक्ती के मालखरौदा, जैजैपुर, सक्ती के लोग भी यहां ब्यवस्था के आधार पर उपचार कराने पहुंचते है। जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया से प्रभावित मरीजो का उपचार तो किया जाता है। लेकिन ऐसे मरीज जो कैंसर, किडनी समस्या, टीबी, एडस, लीवर समस्या सहीत अन्य गंभीर बीमार मरीजो का भी समुचित उपचार किया जाना है। लेकिन ऐसे मरीजो का उपचार नही हो पाता। जिसके कारण मरीजो को उपचार के लिए यहां से करीब 60 किलोमीटर दुर बिलासपुर शहर रेफर करना पडता है। ऐसे में पैसे के साथ साथ समय भी अधिक लगता है।

#### बढ़ रही भीड़

मौसम परिवर्तन के चलते उसका असर लोगो के स्वास्थय पर पडता है। जिसके चलते अस्पताल में इन दिनो मरीजो की भीड लग रही है। मरीजो के समुचित उपचार को लेकर चिकित्सको को निर्देशित किया गया है।

-एस एस कुजुर,
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल जांजगीर

# असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा आज, जगह-जगह रावण दहन की तैयारी

## जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा में विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी दशहरा गुरूवार 2 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा समेत जिले के सभी शहरी और कस्बाई क्षेत्रों में तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में गुरूवार 2 अक्टूबर को दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया है। यहां रावण के 35 फीट पुतले का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। इसी प्रकार चांपा में भी दशहरा उत्सव पर विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा जिले के अन्य शहरों और कस्बाई इलाकों में रावण दहन और दशहरा उत्सव का आयोजन होगा। इसको लेकर तैयारी लगभग अंतिम चरण में है।

### मल्दा में विराट दशहरा महोत्सव 5 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा विराट दशहरा महोत्सव रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन 5 अक्टूबर दिन रविवार को शाम 6 बजे रखा गया है। दर्शकों और ग्राम वासियों के मनोरंजन के लिए रात्रि कालीन में राधिका आर्केस्ट्रा पार्टी बुधवारी बाजार कोरबा के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी।

### पकरिया में दशहरा उत्सव व मड़ई मेला आज

**अकलतरा।** ग्राम पकरिया(लटिया) में एक दिवसीय भव्य दशहरा उत्सव और मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा अकलतरा नगर मंडल उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया 02 अक्टूबर को भव्य दशहरा उत्सव और मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। शाम 5 बजे गांव के चण्डी दाई मंदिर से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान की झांकी गाजे-बाजे और भजन कीर्तन के साथ निकलेगी। गांव भ्रमण करने के बाद खेल मैदान में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर 30 फ़ीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

### बुधवारी बाजार में धूमधाम से मनेगा दशहरा पर्व

**सक्ती।** नगर में इस बार दशहरा पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में बुधवारी बाजार मैदान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि नगरवासियों को 6 साल बाद रावण दहन का साक्षी बनने का अवसर मिलेगा।नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के नेतृत्व एवं मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष मनीष कथूरिया के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे इस पर्व में सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों की भी विशेष झलक देखने मिलेगी।

# क्रोकोडायल पार्क क्षेत्र नो प्लास्टिक जोन हुआ घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत सेवा पर्व पखवाड़ा अभियान 2025 के तहत मगरमच्छ संरक्षण आरक्षिति केन्द्र, कोटमीसोनार में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्क परिसर में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता ही सेवा के थीम पर स्वच्छ भारत की ओर बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।

वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे ने बताया कि 2 अक्टूबर 2025 से मगरमच्छ पार्क को वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 27 (4) के अंतर्गत ₹नो प्लास्टिक जोन₹ क्षेत्र घोषित किया गया है। बाहर से पार्क भ्रमण करने आये पर्यटकों एवं आसपास के ग्रामीणों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी तथा संपूर्ण पार्क परिसर संरक्षित क्षेत्र होने के कारण कूड़ा-कचरा न करने की अपील की गई। कार्यक्रम में सरपंच कोटमीसोनार श्रीमती रेखा सोनी, जनभागीदारी के सदस्यों, विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों एवं प्रशिक्षु वनरक्षक प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा पार्क में उन्नयन कार्य के अंतर्गत 500 छायादार पौधे लगाए गए। वनमण्डलाधिकारी हिमांशु डोंगरे ने कार्यक्रम में में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उपवनमण्डलाधिकारी होरेश चन्द शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदा एस.पी. राठिया, सहायक अनुदेशक छोटे लाल डनसेना, वन परिक्षेत्र अधिकारी सक्ती जितेन्द्र कुमार कंवर, वनपाल विजेन्द्र सिंह ठाकुर, अजय कुमार राठौर, पार्क प्रभारी मुश्ताक उपस्थित थे।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म, 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ -चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

नवरात्र पर्व के दौरान चांपा शहर में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि महिला अकेली जा रही थी, जिसके साथ अज्ञात आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। हालांकि रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात की है, जब लगभग 1:30 से 2:00 बजे के बीच चांपा क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक महिला को मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर बारी-बारी से सामूहिक अनाचार किया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने 30 सितंबर को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चांपा यदुमणि सिदार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान की। तत्परता से दबिश देते हुए पुलिस ने महज 24 घंटे में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप मनहर पिता दिलीप मनहर उम्र 19 वर्ष, शिवम बंजारे पिता पंचराम बंजारे उम्र 19 वर्ष, कृष्णा खुटे पिता मुकेश खुटे उम्र 19 वर्ष, अनिल महिलांगे पिता दिलेराम महिलांगे उम्र 19 वर्ष, सूरज टंडन पिता अयोध्या प्रसाद टंडन उम्र 19 वर्ष, दीपेश कुमार कुर्रे पिता रोहित कुमार कुर्रे उम्र 19 वर्ष और शानू मीरझा पिता शांति लाल मीरझा उम्र 19 वर्ष सभी आरोपी चांपा के घोघरा नाला और आसपास के वार्डों के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकारते हुए बताया कि वे एक सांस्कृतिक कार्यक्रम से लौटते समय महिला को अकेला पाकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिए।

#### सुरक्षा पर सवाल

नवरात्रि पर्व पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने चांपा पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम ने भले ही आरोपियों की गिरफ्तार कर ली है, लेकिन नवरात्रि पर्व पर जहां चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है और कप्तान द्वारा सुरक्षा को लेकर सख्त आदेश भी दिए गए है, बावजूद इसके इस तरह की घटना ने आमजन को सुरक्षा के लिए सोचने पर विवश कर दिया है।

# दुर्गा पंडाल में फूहड़ गानों पर डांस करने का वीडियो वायरल, बजरंग दल ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद



देशभर में शारदीय नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बीच जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत राहौद के दुर्गा पंडाल में फूंहड़ गानों पर सामुहिक रूप से डांस करते हुए विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है जो पूरे जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

वायरल विडियो में आयोजन समिति के सदस्य व कुछ महिलाएं डांस करते दिखाई दे रही। दुर्गा पंडाल में ऐसे अशोभनीय डांस का विडियो हिन्दू संगठनों तक पहुंचते ही विरोध होना शुरू हो गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को देर शाम राहौद के पुराना बस स्टैंड के पास स्थित दुर्गा पंडाल में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हिन्दू विरोधी के नारे लगाते रहे, वहीं मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच वायरल विडियो व पंडाल के अंदर फूंहड़ गाना बजाकर डांस करने को लेकर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। कार्यकर्ताओं ने दुर्गा पंडाल को मनोरंजन का साधन बनाने का आरोप आयोजन समिति पर लगाया है। वायरल विडियो में देखा जा सकता है कि जिस गाना के कारण हिंदू संगठनों व समुदाय में आक्रोश फैल रही है, वह बिल्कुल ही अभद्र व अश्लीलता को इंगित कर रही है। दुर्गा पंडाल में इस विडियो में छत्तीसगढ़ी गीत टूरी के बड़े -बड़े गाल गाना, बजाया जा रहा है। सोशल मीडिया में विडियो वायरल होने के बाद लोगों में भारी गुस्सा देखने को मिल रही है। इधर बजरंग दल के संयोजक पंकज कौशिक का कहना है कि वायरल विडियो व अश्लील गाना को लेकर राहौद के दुर्गा पंडाल में हम पहुंचे थे। आयोजकों ने अश्लील गाना बजाने पर अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफ़ी मांगी है।

# पौने दो साल में प्रदेश से गायब 5 लाख गौवंश के बारे में स्पष्टीकरण दें सरकार : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





चर्चा करते विधायक एवं अन्य

भाजपा सरकार के राज में गायो की तस्करी शुरू हो गई है। पिछले दो साल में प्रदेश से लगभग 5 लाख गोवंश के बारे में सरकार स्पष्ट्रीकरण दे। प्रदेश में पौने दो वर्ष के भीतर 850 से अधिक गायो की मौत सडक पर कुचल दिए जाने की वजह से हुई है। उक्त बातें जांजगीर चाम्पा विधायक ब्यास नारायण कश्यप से प्रेस कांन्फ्रेस के माध्यम से पत्रकारो से चर्चा के दौरान कही।

ज्ञात हो कि बुधवार 1 अक्टुबर को जांजगीर चाम्पा के विधायक ब्यास नारायण कश्यप के द्वारा पार्टी के निर्देश के अनुसार अपने निजी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस बीच जानकारी देते हुए श्री कश्यप ने बताया कि पिछले पौने दो साल मे प्रदेश से लगभग 5 लाख गोवंश गायब हो चुके है। इस मामले को लेकर सरकार अपना स्पष्टीकरण दे। लगभग 1 हजार 200 सौ से भी अधिक गायो की मौत भूख एवं चारा पानी नही पाने की वजह से हुई है। पौने दो वर्ष में 850 से अधिक गायो की मौत सडक पर कुचल कर मारी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि गायो की तस्करी की जा रही है। वही गाय स्लाटर हाऊस भेजी जा रही है। मोदी सरकार आने के बाद भारत ब्राजील के बाद दुनिया का दुसरा बडा बीफ निर्यातक देश बन गया है। तत्कालिन कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई गई गौठान योजना एवं गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया है। गोवंश के चारा पानी की समुचित ब्यवस्था की जाए। पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक के अलावा जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैग्वार, वरिष्ट कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, परस शर्मा, पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढेवाल, रफिक सिददिकि, गिरधारी यादव सहीत कांग्रेस के पदाधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।



**खबर संक्षेप**

## साहू समाज के रामरतन अध्यक्ष एवं संजय उपाध्यक्ष निर्वाचित



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ साहू समाज के निर्देशानुसार सरहरगढ़ परिक्षेत्र का चुनाव ग्राम पंचायत सोनियापाठ में 30 सितंबर को संपन्न हुआ। कुल 58 मतों में से अध्यक्ष पद के लिए रामरतन साहू को 34 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी को 21 मत मिले एवं एक मत निरस्त हुआ। इस प्रकार रामरतन साहू 13 मतों के अंतर से विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार साहू को 33 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी को 22 मत मिले और एक मत निरस्त हुआ। इस प्रकार संजय कुमार साहू 11 मतों के अंतर से विजयी घोषित हुए।महिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती गायत्री साहू, संगठन सचिव पद पर पुष्पेंद्र साहू तथा संगठन सहसचिव पद पर श्रीमती प्रीति साहू निर्विरोध निर्वाचित हुईं। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, तहसील अध्यक्ष रूपनारायण साहू, सरपंच संजय कुमार, सरपंच मनीराम साहू, पूर्व सरपंच रोशन लाल साहू, पूर्व सरपंच संतोष साहू, जनपद सदस्य सुरेन्द्र कुमार साहू, भाजपा नेता हीरासाय साहू, माखन साहू, पुरानिकराम साहू, दिलीप कुमार साहू, सतीश कुमार साहू, गब्बर साहू, जनकराम साहू, थामेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, उमाशंकर साहू, जगदीश साहू सहित समाज के अनेक महिला-पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दशहरा पर विविध कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे राजेश्री महन्त



**जांजगीर-चांपा।** श्री दूधाधारी मठ तथा श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास दशहरा उत्सव पर अनेक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे श्री दूधाधारी मठ से चलकर जैतू साव मठ पुरानी बस्ती रायपुर में दशहरा उत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले अस्त्र -शास्त्र हवन पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, दोपहर 12 बजे से लेकर 2:30 बजे तक श्री दूधाधारी मठ में अस्त्र-शस्त्र हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न करेंगे। अपराह्न 3 बजे श्री दूधाधारी मठ से रवाना होकर शाम 5 शिवरीनारायण मठ पहुंचेंगे यहां 5:30 बजे जनकपुरी मेला ग्राउंड के शमी पूजन शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे, 6:30 बजे से मठ में गद्दी महोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। वे हवन पूजन के पश्चात गद्दी पर विराजित होंगे। कार्यक्रम भगवान शिवरीनारायण के दर्शन पूजन के साथ लगभग रात्रि 10 बजे संपन्न होगा।

## वृद्धजन दिवस पर श्रीफल व गमछा भेंटकर किया सम्मानित

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत बंदोरा के पंचायत भवन में 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया था। जहां सुबह 11 बजे पंचायत भवन पहुंचे 11 वृद्ध जनों का श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सरपंच नवधा लाल गबेल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव के पंच भी उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुजुर्गो का किया गया सम्मान



**पामगढ़।** 1 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम जनपद पंचायत पामगढ़ में किया गया। जिसमे व्यवहार न्यायालय मजिस्ट्रेट श्रीमती शीलू केशरी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मानेश जांगड़े, उपाध्यक्ष रूपचंद साहू,जनपद सदस्य गण रामगिलास खुंटे, जगेश्वर बर्मन,दीनदयाल साहू,अग्नि सिंह, क्षेत्र के सरपंच, सचिव अधिकारी एवं कर्मचारीयों द्वारा देव तुल्य बुजुर्गों को साल श्रीफल से सम्मानित किया गया ।

## आज से 14 तक विशेष ग्राम सभा का होगा आयोजन

**सक्ती।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी के माध्यम से किये गये फसल सर्वेक्षण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में 2 से 14 अक्टूबर तक होने वाले विशेष ग्राम सभा में यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है कि ग्राम सभाओं में ग्राम के समस्त कृषको जिनका एग्रीटेक पंजीयन है एवं जिनके जमीनों के फार्म आई.डी. पंजीकृत हो चुके हैं। शिष ग्राम सभा में खरीफ 2025-26 में ग्रामवार धान के रकबा एवं कृषकवार डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी में जो धान का रकबा पंजीकृत हआ है, उसका पठन ग्राम सभाओं में कराया जाए एवं उन्हें पंचायत भवन पर चस्पा कराया जावे। आपत्ति प्राप्त कर भौतिक सत्यापन पीवी एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत जानकारी को अद्यतन कराए जाने के निर्देश दिए गए है। भौतिक सत्यापन के माध्यम से 31 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है।

### अंतिम दिन देवी मंदिर सहित पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# नवमीं पर कन्या भोजन के साथ हुआ हवन, दे रहे माता को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्र पर्व के नवमीं पर कन्या भोजन के साथ हवन पूजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही माता की प्रतिमा और जवारा विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ढोल ताशे और मांदर की थाप पर माता के भक्त प्रतिमा विसर्जन करने निकलने लगे है।

नवरात्रि पर्व को लेकर बीते सप्ताह भर से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। देवी मंदिरों के साथ सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में नवमी तिथि पर मां दुर्गा की सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना हुई। इसके साथ ही कुंवारी कन्याओं को भोजन कराने के साथ होम हवन हुआ। तत्पश्चात माता की प्रतिमा और जवारा विसर्जन का सिलसिला भी शुरू हो गया है।



सक्ती में माता की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### मां महामाया पंडाल में गूंजे जयकारे

**सक्ती।** नवरात्रि पर मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति, पुराना स्टेट बैंक के पास प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा और भक्ति के साथ विविध आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में समिति द्वारा कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नगर की सैकड़ों बालिकाओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। माता रानी के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच सजीवता से संपन्न कार्यक्रम में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोजन कराया। समिति पदाधिकारियों ने कन्याओं को माता का स्वरूप मानते हुए चुनरी, नारियल और उपहार अर्पित किए। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने माता रानी के दरबार में आशीर्वाद प्राप्त किया। समिति ने बताया कि नवरात्रि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन भंडारे, प्रसादी,भजन, आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों पर भी विशेष आयोजन किया जा रहा है।

### तुस्मा में नव कन्या को कराया भोज

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरी डेरा में नवरात्रि पर विधि-विधान से नव कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। नवरात्रि के नौ दिनों तक दुर्गा माता की पूजा-अर्चना के पश्चात रविवार को मातृशक्ति के रूप में पूजनीय कन्याओं को आमंत्रित कर श्रद्धापूर्वक उनका पूजन किया गया। इसके पश्चात परंपरा अनुसार कन्याओं के चरणों में महुर (हल्दी) लगाया गया, माथे पर तिलक किया गया और उनका श्रृंगार कर उन्हें देवी स्वरूप मानकर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसी क्रम में कन्याओं को आसन पर विराजमान कर आरती उतारी गई और पुष्प अर्पित किए गए। नव कन्याओं के साथ एक छोटे बालक को भैरव बाबा का स्वरूप मानकर पूजित किया गया। परंपरा अनुसार उस बालक को काला गमछा अर्पित कर उसका सम्मान किया गया।

# 39 ग्राम पंचायतों के विकास के लिए बनाया जा रहा विलेज एक्शन प्लान

### चिन्हांकित गांवों के मूलभूत सुविधाओं का रखा जाएगा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के 39 ग्राम पंचायतों के विकास के लिए विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। जिसके तहत चिन्हांकित गांवों के मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसे लेकर अधिकारी कर्मचारियों द्वारा रोड मेप तैयार किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायत में ट्रांसिट वॉक कर ग्राम पंचायत के भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार अच्छा से अच्छा विजन एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

बुधवार 1 अक्टूबर को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के चिन्हांकित 39 ग्राम पंचायतो के विकास के लिए विलेज एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले में 39 ग्राम पंचायतो का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें सक्ती विकासखंड से 18, डभरा



विकासखंड से 14, मालखरौदा विकासखंड से 5 एवं जैजैपुर विकासखंड से 2 ग्राम पंचायतें चिन्हाकिंत की गई है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी चिन्हांकित ग्राम पंचायतो में चलाया जा रहा है, जिसमें जन जागरूकता से सभी चिन्हांकित ग्राम पंचायतो हेतु एक वृहद विजन एक्शन प्लान 2030 तक के लिए कार्य योजना तैयार किया जा रहा है। जिसमें चिन्हांकित ग्राम पंचायतों के मूलभूत सुविधाओं सड़क, बिजली, पानी, रोजगार मूलक कार्य एवं सांस्कृतिक कार्य व अन्य कार्यों हेतु प्रत्येक चिन्हांकित ग्राम पंचायत में आदि कर्मयोगी, आदि साथी आदि सहयोगियों के साथ ग्रामीण जन एवं लाइन डिपार्टमेंट के सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ मिलकर रोड मैप तैयार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में ट्रांसिट वॉक कर ग्राम पंचायत के भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार अच्छा से अच्छा विजन एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में लगातार सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा बैठक लेकर जनहित व मूलभूत सुविधाओं पर केंद्रित विलेज एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। इससे पूर्व में आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत धरती आबा जनजाति उत्कर्ष अभियान द्वारा एक माह तक लगातार क्लस्टर ग्रामो में शिविर लगाकर हितग्राही मूलक योजनाओं एवं आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, महतारी वंदन, सामाजिक सहायता पेंशन, इत्यादि सुविधाओं के लिए शिविर लगाकर संतृप्त करने की पहल की गई है।

## दर्जन भर से अधिक पंचायत सचिव हुए इधर से उधर

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के सीईओ द्वारा 24 सितंबर को क्षेत्र के ग्राम पंचायत में प्रशासनिक कसावट लाने तथा लंबे समय से एक ही पंचायत में पदस्थ इसके अलावा एक ही पंचायत में दो-तीन जगह प्रभार लिए सचिवों का स्थानांतरण करने के लिए अनुशंसा के साथ प्रस्ताव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजा था।

जिस पर कार्यवाही करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 29 सितंबर को क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक सचिवों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। जिसके तहत महेंद्र कुमार चंद्रा को ग्राम पंचायत आड़ील से मुक्त किया गया है तो मनोज गबेल को ढिमानी से आडील भेजा गया है। इसके अलावा राजेश कुमार को जनपद से ढिमानी तो धनेश्वरी





भारद्वाज को शेरों से मोहतरा ,जलेश्वर यादव को जनपद में संलग्न किया गया है, जबकि आत्मानंद सोनसरे को शेरों का अतिरिक्त प्रभाव दिया गया। इसी प्रकार डॉ लाल पटेल पटेल को अमनदुला से मुक्त कर उनके जगह यादराम खुटे को पदस्थ किया गया है तो मोहन चंद्रा को चांटीपाली मुक्त किया गया है। सद्दाम खान को रनपोटा से चाटीपाली भेजा गया है तो भागवत साहू रनपोटा भेजा गया है। शत्रुघ्न साहू को अमलीडीह से छपोरा भेजा गया है।

## मातृ एवं शिशु अस्पताल में अब मरीजों को मिलेगी डायलिसिस यूनिट का लाभ

**सक्ती।** मातृ एवं शिशु अस्पताल में सांसद कमलेश जांगड़े ने किया डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ जिला सक्ति के मातृ एवं शिशु अस्पताल में डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्रीमती कमलेश जाँगड़े ने फीता काटकर यूनिट का उद्घाटन किया। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा की शक्ति में डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा होगी और आर्थिक भार भी काम आएगा खून के बदलने की प्रक्रिया में बिलासपुर और रायपुर



डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ करते सांसद कमलेश जांगडे।

डायलिसिस के लिए जाना पड़ता था जो अब सुविधा यही शक्ति में रहकर मिल जाएगी मैं क्षेत्र की जनता के लिए लगातार कार्य करते रहूंगी ,जिस से शक्ति जिले को छत्तीसगढ़ स्तर में चिकित्सा के दृष्टिकोण से विशेष दर्जा प्राप्त हो सके। कार्य क्रम को जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र, रामनरेश यादव, मांगे राम अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, भारत यादव, सुमित शर्मा, मोहन अग्रवाल, धनंजय नामदेव, प्रेम पटेल, गगन जयपुरिया, सुरेश अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, भारत यादव, कन्हैया गोयल,ऋषि गोयल , मोहन कुमार,चमन गर्ग, रीना गेवाडीन एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

**पामगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत शिवम अस्पताल पामगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



रक्तदान करता युवा।

ज्ञात हो कि पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर विभिन्न जनसेवा के कार्यक्रमों के रूप में मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल पामगढ़ के शिवम हॉस्पिटल मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रतिभागियो को हेलमेट और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, धनंजय सिंह ठाकुर, नुरेश्वरि श्रीवास, मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू जनपद मानेश जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, महामंत्री सुधीर तिवारी, मनोहर शास्त्री, सुभाष पटेल, मनोज घोष, महावीर पटेल,फिरत राम कुर्मी, नारायण पाटले, महेंद्र श्रीवास, चौथराम बघेल, सुनील गुप्ता, रोहणी पटेल, सुभाष ओगरे पार्षद,ओम प्रकाश राठौर, अमित अनंत पार्षद, भीमबली नायक, शुभेन्दु तिवारी, प्रवेश अग्रवाल, पालेश सिंह राज, मयंक चंदेल, राजू साहू, संजय कुर्रे, भोला राम कुर्रे, गोलू वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पानी निकासी नहीं होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बेतरतीब ढंग से बन रहे मकान जिस पर न रोड है और न पानी निकासी की उचित व्यवस्था जिसके चलते बस स्टैंड से कोरबा रोड जाने वाली सड़क पर खेत खलिहानों से आने वाली बरसाती पानी भरा रहता है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा रोड के सामने कृषि भूमि हुआ करती थी जिस पर खेती का कार्य किया जाता था जिससे बरसात का पानी कृषि कार्य हेतु उपयोग में लाया जाता था जो कि खेत खलिहानों से होते हुए रामबांधा तालाब में चला जाता था।



चूंकि यह शहर का व्यस्ततम मार्गो में से एक है जहां बस स्टैंड, नगरपालिका भवन, पीएचई आफिस, निर्माणाधीन सिविल कोर्ट भवन है जिससे लोगों का आवागमन बड़ गया है जिससे जमीन लाखों रुपए डिसमिल में बिक रही हैं जिसके चलते जमीनों को छोटे छोटे टुकड़ों में अवैध रूप से प्लाट काटकर बेजा जा रहा है, जहां बिजली रोड, पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से पानी भरा रहता है जिस पर शासन व नगरपालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। खेतों से होकर आने वाले पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने से पानी रोड के ऊपर से बहते हुए दुसरे छोर में बनी हुई नाली में जाएगा किंतु ऐसा होता नहीं है। पानी रोड में जमा होता है जिससे रोड की स्थिति जर्जर हो गई है जिससे रोड में पानी भरे रहने से आस पास क्षेत्र के रहवासियों के लिए डेंगू, मलेरिया जैसे गंभीर बिमारियां फैलने की संभावना बनी हुई है। साथ ही पास में ही शा.महाविद्यालय होने से बच्चे उसी मार्ग से होकर आते जाते रहते हैं जिससे बच्चों में भी संक्रमण की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

## बैंक द्वारा टैक्स लेने के बाद नहीं दी जा रही सर्विस सुविधा

**अकलतरा।** स्टेट बैंक के अकलतरा शाखा में सर्विस टैक्स के नाम पर ग्राहकों से प्रति वर्ष अतिरिक्त राशि की कटौती की जाती है, लेकिन संबंधित बैंक के सेवा कर्मी अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते और बिना सेवा के ही ग्राहकों से सर्विस टैक्स के नाम से उनके खाते से राशि का आहरण कर लेते हैं।

स्टेट बैंक अकलतरा शाखा में पासबुक की एंट्री कराने के बाद ही ग्राहक को अपनी जमा-नामे के राशि की जानकारी हो पाती है। यदि खाते की सामान्य जानकारी के लिए बैंक जाना जरूरी हो तो बैंक द्वारा सेवा के नाम पर खाते से सर्विस टैक्स की कटौती करना कहां तक उचित है। बैंक के सीनियर सिटीजन 71 वर्षीय ग्राहक योगेंद्र कुमार सिंह के बचत खाते में कल कुछ राशि फोन पे से जमा किया गया परन्तु चौबीस घण्टे के बाद भी बैंक के द्वारा उन्हें कोई मैसेज नहीं आया। गैस सब्सिडी जैसी छोटी राशि के मैसेज को तो भूल ही जाएँ। संबंधित उच्चाधिकारियों को ऐसे मामलों पर ध्यान देकर उचित कार्यवाही करना चाहिए जिससे ग्राहक द्वारा नियमानुसार बैंक को सर्विस टैक्स के पैसे देकर पाने वाली सुविधा का सही लाभ मिल सके।

## आरकेएम ने केकराभांठ स्कूल का कराया जीर्णोद्धार



पढ़ाई करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरकेएम कम्पनी उच्चपिड़ा ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर मद से ग्राम केकराभाठ के शैक्षणिक संस्थानों में सराहनीय कार्य किया है।

आरकेएम पॉवर प्लांट द्वारा प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का व्यापक स्तर पर जीर्णोद्धार कराया गया। इस पहल के तहत स्कूल भवनों की दीवारों की मरम्मत, रंग–रोगन, छत की मरम्मत, फर्श सुधार, शौचालय निर्माण व मरम्मत, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराई गईं। विद्यालयों के परिसर में पौधारोपण कर हरियाली भी विकसित की गई ताकि बच्चों को स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण मिल सके। आंगनबाड़ी केन्द्र को भी आकर्षक स्वरूप में तैयार किया गया है। बच्चों के लिए खेल सामग्री, रंगीन दीवार चित्रांकन और बैठने की व्यवस्था में सुधार से अब यह केन्द्र बच्चों को आकर्षित कर रहा है। ग्रामवासियों ने कम्पनी प्रबंधन के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से स्कूल और आंगनबाड़ी की स्थिति जर्जर थी, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अब नए स्वरूप में यह संस्थान बच्चों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। शिक्षा से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और इसी सोच के साथ कम्पनी ने यह पहल की है।इस अवसर पर ग्रामीणजन, शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

# तीन दिवसीय रास गरबा में महिलाओं ने दी आकर्षक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के हाई स्कूल मैदान में जय मां अंबे दुर्गा उत्सव समिति द्वारा तीन दिवसीय रास गरबा का आयोजन किया गया। समिति के द्वारा पिछले 7 वर्षों से भव्य दुर्गा पूजन व गरबा का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन समिति द्वारा केदारनाथ के थीम में पंडाल का निर्माण कराया गया है। नवरात्रि में सुबह शाम पूरे विधि विधान से पूजा एवं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी किये जाते है। समिति द्वारा दिनांक 29 एवं 30 सितंबर को दो दिवसीय निशुल्क गरबा का



रास गरबा में नृत्य करती महिलाएं।

आयोजन भी किया गया जिसमे हजारो की संख्या में क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं सहयोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा डांडिया का हुआ आयोजन

जांजगीर-चांपा। जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा शारदा मंदिर परिसर में नवरात्रि के अवसर पर श्रीमति मनीषा गोपाल जिला महिला प्रभारी पतंजलि एवं पार्षद के नेतृत्व में माता भजन व डांडिया नृत्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक श्रीमति चमेली साहू जिला महा मंत्री महिला पतंजलि समिति ने बताया कि नवरात्रि पर्व में माता की आराधना भक्ति भाव के साथ की जाती है। शारदा मंदिर में माता का भजन गायन कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की गई। माता जस गीत व डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को दीपो से सजाया गया।

### राहौद में रावण दहन आज

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में दशहरा महोत्सव व रावण दहन 2 अक्टूबर गुरुवार को किया जाएगा। दशहरा में गणतोड़ प्रतियोगिता में विजेता 1101 रूपए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। रावण दहन नगर के शनिचरी बाजार में आयोजित की जाएगी।

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com





स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411